(२१)

**परियोजना का नाम :— माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास—खण्ड डुण्डा में डुण्डा कुराह मोटर मार्ग से जखारी गांव होते हुए बल्ला गांव तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 3.425 किमी0) हेतु वन भूमि हस्तान्तरण (जखारी तक पुनरीक्षित) प्रस्ताव।**

## औचित्य प्रमाण—पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग की पुर्नरीक्षित लम्बाई 4.425 किमी0 आ रही है, जो कि डुण्डा कुराह मोटर के किमी0 2 के क0से0 2/11 से प्रारम्भ होती है। पूर्व में **उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु गठित प्रस्ताव पर 29.07.2019 को सम्पन्न आर0ई0सी0 कमैटी की बैठक में भी जखारी तक मोटर मार्ग का निर्माण औचित्यपूर्ण पाया है तथा पुनः केवल जखारी तक प्रस्ताव को पुर्नरीक्षित करने हेतु लिखा गया है।** वर्तमान में ग्राम जखारी के ग्रामवासियों को अपनी दैनिक आवश्यकताओं एवं अपने कृषि उत्पादों को रोड़ हैड तक पहुचाने हेतु लगभग 3.00 किमी. की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। मोटर मार्ग के अभाव में ग्रामवासियों को उचित चिकित्सा सेवायें नही मिल पा रही है, जिस कारण गर्भवती महिलाओं एवं अन्य रोगियों के जीवन का जोखिम बना रहता है। ग्रामवासियों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है। ग्रामवासी अपने नगदी फसलों यथा संतरे, अदरख, आलू, नींबू इत्यादि को रोड़ हैड तक पैदल अथवा खच्चरों से लाया जाता है तथा उनके उत्पादों का उन्हे सही लाभ नही मिल पाता। मोटर मार्ग से संयोजकता हो जाने के उपरान्त ग्रामवासियों का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में प्रगति होने व साथ—साथ गांव से नव युवकों का पलायन रूकेगा। उक्त ग्राम कमार्ग निर्माण में प्रभावित 2.30 हे० वन भूमि, जो कि सर्वेक्षण के पश्चात चिन्हित की गयी है, न्यनतम है तथा समरेखण को इस प्रकार प्रस्तावित किया गया है कि वृक्षों का न्यूनतम पातन हो। इस प्रस्तावित समरेखण से उचित कोई भी अन्य वैकल्पिक समरेखण नही है।

भूगर्भवेता की निरीक्षण आख्या से भी स्पष्ट होता है कि इस प्रस्तावित समरेखण में मार्ग निर्माण भूगर्भ की दृष्टि से सुरक्षित है। समरेखण में कोई भी कब्रिस्तान, अत्येष्टि स्थल, धार्मिक/ऐतिहासिक/पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल/स्थान प्रभावित नही हो रहा है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगोचर रखते हुये जनहित में 2.30 हे० वन भूमि को मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रदत्त करने की कृपा करें।

राजस्व उप निरिक्षक
डुण्डा
उत्तरकाशी

वन क्षेत्राधिकारी
डुण्डा वन रेंज
(मुहर: वन क्षेत्राधिकारी डुण्डा वन रेंज)

तहसीलदार
डुण्डा
(मुहर: तहसीलदार डुण्डा)

सहायक अभियन्ता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0
उत्तरकाशी
(मुहर: सहायक अभियन्ता प्रा0 खं0 लो0 नि0 वि0 उत्तरकाशी)

उपजिलाधिकारी
डुण्डा
(मुहर: उप जिलाधिकारी डुण्डा, उत्तरकाशी)

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0
उत्तरकाशी
(मुहर: अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0 उत्तरकाशी)

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी
(मुहर: प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी वन प्रभाग उत्तरकाशी)